SHRI MD. SALIM : Sir, there is endless queue on 197. Now Private Publishers are publishing booklets containing changed numbers and other information on telephone service which the subscribers are forced to buy them in Calcutta because you are not publishing them. This is in circulation there—three, four booklets. Who is going to compensate for this ? I would like to know whether you are going to compensate for this or whether you will wait till December. I would also like to know whether you will publish it straight by the Calcutta Telephones.

SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU : Sir, I am thankful to the hon. Member for the very lengthy discourse given by him. But he has hardly put any question. What I could cull out of his lengthy discourse is that he wants to know whether we can improve the 197 service. Sir, we will try to increase the number of positions in 197 so that the subscribers will not get the answer, "You are in the queue." I will instruct the Telephone Department at Calcutta to increase the number of positions in 197.

As regards changed numbers, whenever numbers are changed, the Telephone Department publishes them in the local daily newspapers, and the subscribers are requested to cut it and keep it for reference. In spite of that, if the numbers are not readily available, naturally, they will have to take recourse to 197. If some private companies are publishing them and selling them, it is for the subscribers to decide whether to buy them or not. The only thing the Government department can do is to publish them in daily newspapers whenever there is a change in numbers and request them to preserve the cutting and to use the same for reference in future.

गुजरात में आकाशवाणी केन्द्रों की स्थापना

*404. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चालू वित्तीय वर्ष के दौरान गुजरात के जूनागढ़ और भावनगर शहरों में आकाशवाणी केन्द्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार ने उक्त प्रस्ताव के लिए कितनी राशि का प्रावधान कर रखा है और इन दोनों प्रस्तावित केन्द्रों को कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) से (ग) 8वीं योजना के दौरान जूनागढ़ में 2×3 कि०वा०एफ०एम०ट्रांसमीटर सहित राष्ट्रीय चैनल के लिए एक रिले केन्द्र स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। परियोजना पर 281.30 लाख रु. की पूंजीगत लागत आने का अनुमान है। वर्ष 1993-94 तथा 1994-95 के लिए बजटीय आबंटन में क्रमशः 76.20 लाख रु० तथा 11.60 लाख रु० का प्रावधान किया गया था। परियोजना हेतु स्थल का पता लगा लिया गया है और परियोजना को 8वीं योजनावधि के दौरान पूरा किए जाने की आशा है। भावनगर में रेडियो केन्द्र स्थापित करने संबंधी कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल : श्रीमन्, मैं आप के माध्यम से मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि शायद मंत्री जी को पता होगा कि जो जूनागढ़ का शहर है उस का उल्लेख जूनादुर्ग के नाम से पुराणों में भी है, उपनिषदों में भी है। वहां सिर्फ रिले स्टेशन देने की वजह से यह पूरा इतिहास या संस्कृति हम वहां नहीं दे पाएंगे। क्या रिले के अलावा वहां स्थानिक कार्यक्रम भी दिये जा सके क्या ऐसा मंत्रालय सोच रहा है ?

दूसरा मेरा सवाल यह है कि आपने 281 लाख रुपए एयरमार्क किये। आपने अभी बताया कि 1990 से 1994 तक 76 लाख रुपया खर्च होगा और 11 लाख 1994 में खर्च होगा। यह कुल मिलाकर 87 लाख रुपये होते हैं और आपने कुल जो रकम रखी है वह 281 लाख रुपये हैं। तो यह देखते हुए लगता नहीं है कि आप इसको पूरा कर पायेंगे।

Are you in a position to give a date or a month or a year by which the Radio Station shall start ?

SHRI K. P. SINGH DEO : Sir, I have just mentioned in the main reply that the site of the project has been identified. Sir, twice before, the sites were identified but unfortunately those lands had not been made available. Only if this third site which has been identified is handed over to the Ministry of I&B, can the project start ; otherwise, it will be very difficult for me to give a hypothetical date because unless I have the land in my possession, I cannot start the project.

As far as the cultural aspect which he was mentioning is concerned, it is our endeavour to have facilities wherever there

are varieties of cultural heritage and the Ministry as well as the All India Radio can consider if there is some proposal either from the State Government or from the Member. If he makes a suggestion, we will definitely examine that.

As far as the cost which was mentioned by the hon. Member is concerned, I have already mentioned that it was estimated at Rs. 281.30 lakhs. The provision of Rs. 76 lakhs was made in 1993-94 but it could not be spent. This year, again Rs. 11.60 lakhs have been provided but it can only be spent if we get the land. Unless we get the land, even these Rs. 87 lakhs will not be spent. If the hon. Member can help us in getting the land, we will be very grateful and he will have the Radio Station and the other facilities.

MR. CHAIRMAN : Second supplementary. You can suggest another site.

श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल : मेरा दूसरा सप्लीमेंटरी यह है कि पिछले समय जब यह सवाल पूछा गया था तब यह बताया गया था कि drawings are under preparation. तो मैं पूछना चाहता हूं कि इसके लिए तयारी कहां तक पहुंची है ?

SHRI K. P. SINGH DEO : Sir, the proposal is ready, everything is ready ; only we must have the land. The moment the land is ready, the land is handed over, construction will start ; otherwise, all clearances of buildings, cost, equipment have been given. Everything has been cleared from the Ministry side. We are only waiting for the land.

श्री अनन्तराम देवशंकर दवे : सभापति महोदय, मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि आपको यह तो पता होगा कि वेस्टर्न कोस्ट पर सांस्कृतिक आक्रमण पाकिस्तान की ओर से हो रहा है, पर्टिक्युलरली इन कच्छ एंड सौराष्ट्र । यह सवाल भी सौराष्ट्र के लिए है, भावनगर के लिए है, जूनागढ़ के लिए है । आपने कहा कि भावनगर के लिए अभी कोई प्रपोजल आपके विचाराधीन मंत्रालय में नहीं है । तो मैं यह जानना चाहूंगा कि जब हमारे वेस्टर्न कोर्ट पर पाकिस्तान की ओर से सांस्कृतिक आक्रमण हो रहा है, वहां हमारा जो इंटीरियर एरिया है वहां पर जो टी०वी० देखा जाता है, रेडियो सुना जाता है वह पाकिस्तान का सुना जाता है । तो क्या आपका मंत्रालय भावनगर में एक रेडियो स्टेशन यह जो मैंने सुझाव दिया है सांस्कृतिक आक्रमण का, उसको रोकने की दृष्टि से क्या आप इस पर सोचेंगे ?

SHRI K. P. SINGH DEO : At the moment, Sir, the State of Gujarat is covered to the extent of 99 per cent by area and population by the All India Radio, both from Rajkot and Ahmedabad . . . (*Interruption*) . . .

श्री अनंतराव देवशंकर दवे : मैं यह पूछ रहा हूं कि वेस्टर्न कोस्ट में कच्छ और सौराष्ट्र के इंटीरियर में रेडियो स्टेशन खोलने के बारे में क्या आप सोचेंगे क्योंकि पाकिस्तान की ओर से सांस्कृतिक आक्रमण वहां से हो रहा है, जहां पर तो पावर के रेडियो स्टेशन हैं ।

SHRI K. P. SINGH DEO : I cannot show a map. Sir, if you want, I will lay it on the Table of the House. (*Interruptions*). As I said, 99 per cent has already been covered. Once our ongoing projects at Vadodara and other places are complete, 100 per cent of Gujarat will be covered. At the moment there is no proposal for Bhavanagar to be considered.

MR. CHAIRMAN : Question Hour is over.

---

*WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

बिहार में नए डाकघर खोलना

*405. **श्री जनार्दन यादव :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1994-95 के दौरान बिहार में कितने गावों में नए डाकघर खोलने की योजना है ; और

(ख) चालू वर्ष के दौरान बिहार के बांका जिले में कितने नए डाकघर खोलने की योजना है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैय्या नायडू) : (क) और (ख) बिहार के साथ-साथ अन्य राज्यों के जितने गांवों में वर्ष 1994-95 के दौरान नए डाकघर खोले जाने का प्रस्ताव है, उनकी संख्या को अंतिम रूप दिया जा रहा है ।

---

*All the questions addressed to the Minister of State in the Ministry of Communications (Shri Sukh Ram), were replied to by the Minister of State in the Ministry of Power (Shri P. V. Rangayya Naidu).